सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग

# राजस्थान सरकार
# सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग

एफ.2(6687)डीओआईटी/संस्था/15/ML-3234 जयपुर, दिनांक 22-3-2018

## कार्यालय आदेश

श्री जितेन्द्र कुमार ओझा, सहायक प्रोग्रामर के विरूद्व वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन वर्ष 2015-16 में प्रतिकूल टिप्पणी अंकित थी। अतः विभागीय पदोन्नति समिति वर्ष 2016-17 के द्वारा श्री ओझा को पदोन्नति हेतु उपयुक्त नहीं पाया गया।

उक्त वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन वर्ष 2015-16 में प्रविष्ठ प्रतिकूल टिप्पणी को विभागीय बैठक कार्यवाही विवरण क्रमांक 64083/2017 दिनांक 09.02.2017 के द्वारा विलोपित कर दी गयी। कार्मिक विभाग से प्राप्त सहमति आई.डी. सं. 1502 दिनांक 13.12.2017 एवं राजस्थान लोक सेवा आयोग से प्राप्त सहमति क्रमांक 549 दिनांक 11.01.2018 के अनुसरण में दिनांक 08.02.2018 को प्रोग्रामर के पद की राजस्थान कम्प्यूटर राज्य एवं अधीनस्थ सेवा नियम, 1992 के नियम 29 (क) के अन्तर्गत वर्ष 2016-17 की (रिव्यू डीपीसी) पुनरावलोकन पदोन्नति समिति बैठक आयोजित की गयी।

उक्त आयोजित बैटक की अभिशंषानुसार श्री जितेन्द्र कुमार ओझा, सहायक प्रोग्रामर का चयन वर्ष 2016-17 की प्रोग्रामर के पद की रिक्ति दिनांक 01.04.2016 के विरूद्व वरिष्ठता-सह-योग्यता के आधार पर प्रोग्रामर के पद पर पदोन्नति उपरान्त पे-मैट्रिक्स लेवल संख्या-12 पर एतद्द्वारा किया जाता है।

वर्ष 2016-17 की प्रोग्रामर पद की रिव्यू डीपीसी के पश्चात् इनकी वरिष्ठता का निर्धारण श्री राजीव कुमार मित्तल, प्रोग्रामर (पदोन्नति वर्ष 2016-17) के नीचे और श्री अशोक कुमावत, प्रोग्रामर (पदोन्नति वर्ष 2016-17) के ऊपर प्रतिस्थापित किया जाता है।

**पदोन्नति पर वास्तविक परिलाभ कार्यग्रहण की तिथि से देय होंगें।** श्री ओझा के पदस्थापन आदेश पृथक से जारी किये जा रहे है।

उक्त आदेश सक्षम स्तर से अनुमोदित है।

आज्ञा से,

**(ए.एम.देशपाण्डे)**
**तकनीकी निदेशक एवं सयुंक्त सचिव**

प्रतिलिपि :-सूचनार्थ/आवश्यक कार्यवाही हेतु -

1 निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, मुख्यमंत्री, राजस्थान, जयपुर।
2 निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव एवं आयुक्त, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जयपुर।
3 निजि सचिव, शासन सचिव, कार्मिक विभाग, राजस्थान, जयपुर।
4 सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर को उनके पत्र क्रमांक 635 दिनांक 20.02.2018 के क्रम में।
5 संबंधित विभागाध्यक्ष.........................................................................................................
6 तकनीकी निदेशक / प्रभारी अधिकारी संस्थापन / कार्यालयाध्यक्ष, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जयपुर।
7 प्रभारी अधिकारी (वेबसाईट), सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जयपुर।
8 संबंधित अधिकारी।
9 निजी/रक्षित पत्रावली।

24/03/18

**प्रभारी अधिकारी (संस्थापन)**